पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले फिल्म निर्देशक किरन शांताराम

लखनऊः 16 जुलाई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में फिल्म निर्देशक श्री किरन शांताराम ने शिष्टाचारिक भेट की। इस अवसर पर राज्यपाल की पत्नी श्रीमती कुंदा नाईक भी उपस्थित थी। श्री किरन शांताराम 7वें जागरण फिल्म फेस्टिवल के शुभारम्भ के मौके पर पहली बार लखनऊ आये थे। राज्यपाल ने उन्हें 'उत्तर प्रदेश राजभवन के पक्षी' तथा अपने संस्मरण संग्रह पर आधारित मराठी भाषी पुस्तक 'चरैवेति! चरैवेति!!' की प्रति भेंट की।

श्री किरन शातांराम वी0 शांताराम फाउंडेशन के अध्यक्ष तथा एशियन फिल्म फाउंडेशन के प्रमुख भी है। श्री किरन शांताराम ने मराठी, बांग्ला, तमिल भाषाओं में भी अच्छी फिल्में बनायी हैं तथा अपने पिता स्व0 वी0 शांताराम के साथ भी काम किया है।

अंजुम/ललित/राजभवन (247/17)


चरैवेति! चरैवेति!!

BIRDS
Raj Bhavan
UTTAR PRADESH